# सच्चाई का सार देखिये

नरेंद्र सोनकर

नदी-नाला-नार देखिए
कूड़े का अंबार देखिए

कूड़े में कीड़ो-सा बझा
खंडहर परिवार देखिए

भूखे-प्यासे पेट के मारे
बच्चे को लाचार देखिए

कस्बा-कस्बा गली गली
गज्जर है सरकार देखिए

बज-बज बिजबिजाते हुए
गड़हे बद-बू-दार देखिए

भारत की तस्वीर असल
सच्चाई का सार देखिए

प्रकृति के प्रतिकूल नरेन्द्र
इंसा का व्यवहार देखिए



Scanned with OKEN Scanner

# दाल नही गलने दूंगा

बहुत हो गया शोषण जुल्म
अब और नही छलने दूंगा
आदमखोर उचक्कों की
मैं दाल नही गलने दूंगा

मनमाना मनमौज किसी का
रूआब नहीं चलने दूंगा
किसी गरीब को ठगने का
कोई ख्वाब नहीं पलने दूंगा
सौगंध मुझे हे भारत मां
अन्याय नहीं होने दूंगा
आदमखोर उचक्कों की
मैं दाल नही गलने दूंगा

बदल रहे जो संविधान को
हरगिज़ नहीं बदलने दूंगा
जीते जी मैं किसी गरीब का
अस्तित्व नहीं मसलने दूंगा
सौगंध मुझे हे भारत मां
नफरत नहीं बोने दूंगा
आदमखोर उचक्कों की
मैं दाल नही गलने दूंगा



Scanned with OKEN Scanner

खिली हुई नूतन कली को
असमय नही कुम्हलने दूंगा
नीच अधर्मी मनचलो को
सरेराह नही टहलने दूंगा
सौगंध मुझे हे भारत मां
स्वाभिमान नहीं खोने दूंगा
आदमखोर उचक्कों की
मैं दाल नही गलने दूंगा

**कुमारी अदिति सिंह**
**कक्षा - 3**
**संट जोशेफ कोएड स्कूल भोपाल**